मो0 नं0 : 9473942736

# अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

उत्तर प्रदेश जल निगम, (ग्रामीण) कानपुर देहात।

पत्रांक 3922 / डब्लू–52 / 51 दिनांक 04-05-26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
कानपुर देहात।

विषयः– **ई0 स्वतन्त्र प्रभात में दिनांक 02.05.2026 को प्रकाशित (नकारात्मक खबर) ''हर–घर–नल योजना में जमकर गड़बड़झाला (शुरू–शुरू में ही दो–तीन बार पानी आया था, वो भी बहुत गन्दा) के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक **ई0 स्वतन्त्र प्रभात में दिनांक 02.05.2026 को प्रकाशित (नकारात्मक खबर) ''हर–घर–नल योजना में जमकर गड़बड़झाला (शुरू–शुरू में ही दो–तीन बार पानी आया था, वो भी बहुत गन्दा)''** के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत मझगवॉ विकास खण्ड डेरापुर जनपद कानपुर देहात के अन्तर्गत मझगवॉ पेयजल योजना का निर्माण मैसर्स जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0 के द्वारा कराया गया है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्य क्रमशः अवर जलाशय 175 के0एल0/14 मी0 स्टेजिंग पूर्ण, नलकूप 01 नग पूर्ण, पम्प हाउस 01 नग पूर्ण, बाउण्ड्रीवाल 01 नग पूर्ण, पाइप लाइन 8.82 किमी0 के सापेक्ष 8.50 किमी0 पूर्ण, हाउस कनेक्शन 502 नग के सापेक्ष 436 नग हाउस कनेक्शनों को पूर्ण कराकर माह फरवरी 2026 में योजना से लाभान्वित ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि उक्त पेयजल योजना से 03 नग राजस्व ग्राम मझगवॉ, बलाई खुर्द एवं मिर्जापुर खुर्द में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। तीन दिवस पूर्व गांव के कुछ अराजक तत्वों के द्वारा ग्राम मिर्जापुर खुर्द के लिये लगाये गये वाल्व को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, जिसके कारण उक्त ग्राम की जलापूर्ति बाधित हो गयी थी। सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के द्वारा उक्त वाल्व को ठीक करा दिया गया है। वर्तमान में उक्त पेयजल योजना से ग्राम पंचायत मिर्जापुर खुर्द के ग्रामवासियों को नियमित रूप से सुबह–शाम जलापूर्ति की जा रही है। (फोटोग्राफ संलग्न)। सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक–फोटोग्राफ।**

भवदीय

(टी0आर0कटारिया)
अधिशासी अभियन्ता


**पृ0सं0** / / **दिनांक**........................

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), कानपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता मण्डल कार्यालय, (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), कानपुर।

अधिशासी अभियन्ता

# हर-घर-नल योजना में जमकर गड़बड़झाला



शुरू - शुरू में ही दो - तीन बार पानी आया था, वो भी बहुत गन्दा

BY SWATANTRA PRABHAT UP
PUBLISHED ON MAY 02, 2026 05:44 PM IST

**कानपुर देहात।** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर में स्वच्छ जल की आपूर्ति हेतु हर-घर-नल योजना के क्रियान्वयन में किया गया गड़बड़झाला सामने आने लगा है और इस आशंका से इन्कार नहीं किया सकता कि हर-घर-नल योजना में धन का बन्दरबाँट नहीं किया गया है ! कानपुर देहात जिले के विकास खण्ड डेरापुर की ग्राम पंचायत मझगवाँ के ग्राम मिर्जापुर खुर्द में "हर-घर-नल" योजना के अन्तर्गत ग्राम के हर-घर तक पाइप लाइन डाले हुए लगभग 3 वर्ष गुजर चुके हैं और हर-घर के पास टोंटी लगा दी गई।

खास बात यह है कि तीन-चार वर्षों के दौरान अब तक शायद दो-चार बार ही जलापूर्ति की गई है। परिणाम स्वरूप हर घर नल योजना, "चार दिन की चाँदनी...." वाली कहावत को सच करती दिख रही है। इसमें कतई दो राय नहीं कि हर-घर-नल योजना में स्थानीय स्तर पर गडबड़झाला और धन का बन्दरबाँट किया गया है। ग्राम निवासी वीरेंद्र सिंह गौर ने बताया कि, "लगभग 3 वर्ष हो चुके हैं पाइप लाइन को डाले हुए। शुरू - शुरू में ही दो - तीन बार पानी आया था, वो भी बहुत गन्दा।

तब से लेकर अब तक पानी नहीं आया।" ग्राम निवासी श्याम सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व भारत सरकार को ई-मेल के माध्यम से शिकायत भेजकर उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में स्थलीय निरीक्षण कर जाँच करने की माँग की है और गड़बड़झाला करने में संलिप्त अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाई करने की माँग की गई है !

#kanpur dehat news #हर घर नल योजना #Government Scheme Irregularities #Uttar Pradesh rural development #Drinking Water Crisis #सरकारी योजना गड़बड़ी #rural infrastructure India #Hindi Local News #Jal Jeevan Mission issue #ग्रामीण जलापूर्ति समस्या #corruption in water scheme